Q. — 1

समूह की संरचना तथा ~~इसके~~ कार्य

Structure and Functions of Group

सामाजिक समूह के दो आवश्यक पक्ष होते है एक है समूह की संरचना तथा उसका कार्य

Structure of Group →

समूह की संरचना का अर्थ यह है कि समूह मे कितने सदस्य है उनका आपसी सम्बन्ध कैसा है इत्यादि। समूह की संरचना में निम्नलिखित बाते महत्वपूर्ण है।

(1) Size of the group → समूह के आकार से तात्पर्य यह है कि समूह में कितने सदस्य है। यदि किसी समूह का आकार छोटा होता है तो उसमें सदस्यों के बीच परस्पर अच्छा सम्बन्ध रहता है परन्तु समूह का आकार जैसे जैसे बढ़ता है उसमें समूह सम्बद्धता घटता जाता है छोटे समूह मे लक्ष्य का निर्धारण सही तरह से होता है और लक्ष्य को प्राप्ति के लिये सभी सदस्य मिलकर कार्य करते है।

(2) Member Composition (सदस्य संघटन)

किसी समूह के प्रभावशील होने के लिये उसके सदस्यों का प्रभावशील होना आवश्यक है। समूह के सदस्यो मे ~~अपेक्षा~~ भिन्नता के कारण समूह व्यवहार प्रभावित होता है।

REDMI NOTE 8
AI QUAD CAMERA

(3) Status hierarchy (पद अनुक्रम) → संरचनात्मक स्थिरता के दृष्टिकोण से समूहों में भिन्नता पाई जाती है। कुछ समूह ऐसे होते है जिनके सदस्यों का पदानुक्रम काफी स्थिर होता है जैसे- उद्योग आदि औपचारिक समूहों के सदस्यों की भूमिका तथा स्थिति परिभाषित तथा निश्चित होती है। उनके अधिकार तथा कर्तव्य मौखिक या लिखित या लिखित नियमों एवं अधिनियमों द्वारा निर्धारित होते है। इनके आलोक में ही उनके व्यवहारों का निर्धारण होता है।

(4) Communication net works (संचार - जाल)

संचार जाल के दृष्टिकोण से भी समूहों की संरचना में अंतर पाया जाता है। संचार का अर्थ वह प्रक्रिया है जिसके द्वारा सूचना प्राप्त की जाती है, या भेजी जाती है। संचार के भिन्न२ प्रतिरूप (pattern) हो सकते है। जैसे क्षैतिज संचार (horizontal communication), उदग्र संचार (vertical communication), नीचे की ओर मौखिक संचार, लिखित के संचार, छोटे समूह संचार, ऊपर की ओर संचार आदि। छोटे समूह में संचार जाल सरल होता है तथा प्रत्यक्ष होता है परन्तु बड़े समूह में संचार जटिल होता है तथा अप्रत्यक्ष होता है।

(5) External Social Context → (बाह्य सामाजिक सन्दर्भ)

भिन्न-भिन्न समूहों की संरचना बाह्य संदर्भ के दृष्टिकोण से भी भिन्न होती है। किसी समूह की संरचना ऐसी होती है कि समाज के दूसरे

REDMI NOTE 8
AI QUAD CAMERA

Date
Page

समूहों से उसका सम्बन्ध अधिक एवं गहरा होता है। इसके विप[रीत] समूह का यह सम्बन्ध सीमित [...] होता है। अतः किसी समूह का कितना अधिक होगा या कम हो[ता] होगा है इसका प्रभाव भी सदस[्य] पड़ता है।

REDMI NOTE 8
AI QUAD CAMERA